# हिंदी वल्लरी

# Third Language. Hindi

## 9th

## नौवीं कक्षा

## Ninth Standard

# यकीन



B. Mahaboob Basha. Hindi Teacher
GHS Talur. Sandur (Tq ) Bellary ( Dq )
Phone no - 9880591456

# अनुक्रमणिका



| क्र.सं | पाठ | लेखक | पृ,सं |
|---|---|---|---|
| | सेतुबंध | | |
| 1 | जय - जय भारत माता ( कविता ) | मैथिलीशरण गुप्त | 3 |
| 2 | गुलाब सिंह ( कहानी ) | सुभद्रकुमारी चौहान | 4 |
| 3 | स्वामी विवेकानंद ( जीवनी) | डा. जगदीश चंद्र | 8 |
| 4 | अनुशासन ही शासन है ( कविता) | डा. रमेश मिलन | 11 |
| 5 | मौसी ( कहानी) | भीष्म साहनी | 13 |
| 6 | चेरापुंजी से आया हूँ ( यात्रा वृत्तांत) | प्रदीप पंत | 17 |
| 7 | पर्यावरण बचाओ ( कविता) | परशुराम शुक्ल | 23 |
| 8 | भिम और राक्षस (एकांकी) | विष्णु प्रभाकर | 26 |
| 9 | नफे के चक्कर में ( लोककथा) | संकलित | 29 |
| 10 | चलना हमारा काम है ( कविता) | शिवमंगल सिंह ' सुमन' | 33 |
| 11 | खेलो - खूदो - स्वस्थ रहो ( निबंध ) | संकलित | 35 |
| 12 | सडक की रक्षा सबकी सुरक्षा | संकलित | 38 |
| 13 | साथी हाथ बढ़ाना ( कविता) | साहिर लूधियानवी | 45 |
| 14 | सौर ऊर्जा ( लेख) | संकलित | 48 |
| 15 | वीरांगना चेन्नम्मा ( व्यक्ति परिचय) | संकलित | 53 |
| 16 | पूर्वार्द्ध का पूर्वाग्रह. ( व्यंग्य रचना) पी. एस. | पी. एस. रामानुजम | 56 |
| 17 | रहीम के दोहे ( मध्यकालीन कविता) | रहीम | 61 |

# 1. जय - जय भारत माता

**- मैथिलीशरण गुप्त**

**I. एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**

1)' जय - जय भारत माता' कविता के कवि कौन है?
उत्तर :- ' जय - जय भारत माता' कविता के कवि मैथिलीशरण गुप्त है।
2) गुप्त जी को कौन - सी उपाधि मिली है?
उत्तर :- गुप्त जी को 'पदम भूषण' उपाधि मिली है
3) कवि किस देवी की वंदना कर रहे है?
उत्तर :- कवि भारत माता की वंदना कर रहे है
4) हिमालय रूपी हृदय में क्या भरा है?
उत्तर :- हिमालय रूपी हृदय में स्नेह भरा है
5) पानी कैसे फूटा आता है?
उत्तर :- पानी सौ - सौ सोतों से फूटा आता है।
6)पानी में क्या खिलें है?
उत्तर :- पानी में कमल खिलें है।
7) सुंदर भाव कहाँ पले है ?
उत्तर :- सुंदर भाव धानी आँचल में पले है।

**II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1):"हिमालय के बारे में कवि की भावना क्या है?
उत्तर - भारत माता का हृदय हिमालय जैसे ऊँचा है,उसमें कितना स्नेह भरा हुवा है। अपनें आँचल में आग दबाकर. हमको हरा भरा रखता है।
2) "दिल में आग दबाकर" का मतलब क्या है?
उत्तर :- आग को अपने आँचल में लपेटना या दुःख को खुद सहेन करने को दिल में आग दबाकर रखना कहते है।
3) हमें मिलजुलकर कौन-सा गीत गाना चाहिए. ?
उत्तर :- हमें मिलजुलकर भारत माता की यश का गीत गाना चाहिए ।

**III.खाली स्थान भरिए :**

1) भारत का हिया **हिमालय** है।
2) दिल में **अपने आग**. दबाकर रखता हमको **हरा - भरा** ।
3) **चंद्र-सूर्य** चिरकाल रहे ।

**IV.नमूने के अनुसार तुकांत शब्द लिखिए :?**

उदा : स्नेह - भरा - हरा - भरा
1) आता - जाता
2) पले - चले
3) नाता - खाता

**V. इस कविता में 'बह-बहकर पानी आता ' का प्रयोग. हुआ है । उसी प्रकार.**

**निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्या पूर्ण कीजिए :**
**( गिर- गिरकर, मिट- मिटकर, सुन - सुनकर, देख-देखकर )**
1) बालक देख-देखकर सीखता है ।
2) भाषा सुन - सुनकर बोली जाती है ।
3) मेघ मिट- मिटकर बरसते है।
4) बच्चा गिर- गिरकर चलता है ।
**VI.इस कविता की प्रथम आठ पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए ।**
जय- जय भारत माता।
ऊँचा हिया हिमालय तेरा
उसमें कितना स्नेह भरा
दिल में अपने आग दबाकर
रखता हमको हरा - भरा,
सौ-सौ सोतों से बह-बहकर
है पानी फूटा आता,
जय-जय भारत माता।
**VII.अनुरुपता :**
1) सागर : विशाल : : हिमालय : उँचा
2) अंधकार : अंधेरा : : पवित्र : पावन
3) आम : धरती : : कमल : पानी
4) सूर्य : सूरज : : चंद्र : चाँद

---

# 2. गुलाब सिंह

- सुभद्रकुमारी चौहान

**I.एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**
1) किस कारण से बालक का खाना बंद कर दिया गया ?
उत्तर :- बीमार पडने के कारण से बालक का खाना बंद कर दिया गया ।
2) बहन ने भाई को क्या खिला दिया ?
उत्तर :- बहन ने भाई को गुड़डी और चने खिला दिया ।
3) शहर में क्यों आतंक छा गया ?
उत्तर :- बादशह का हुक्म था कि जुलूस न निकले इस लिए शहर में आतंक छा गया था।
4) थाली में क्या जल रहा था ?
उत्तर :- थाली में दिया जल रहा था।
5) झंड़ा किससे बना ?
उत्तर :-झंड़ा पुरानी ओड़नी से बना ।

6) बहन ने क्या थमा लिया ?
उत्तर :-बहन ने झंडा थमा लिया ।

**II.दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) भाई को बहन कैसे विदा करती है ?
उत्तर :- बहन ने भाई के माथे पर तिलक लगाया,चावल बिखराए तब भाई ने बहन के पैर छुए विदा ली बहन ने भाई के सिर पर हाथ फेरा और बलैयाँ ली। इस तरह बहन ने भाई को विदा करती है।

2) भाई को देखकर बहन ने क्या किया ?
उत्तर :- बहन ने भाई को गिरते देखा, वह दौड़ पड़ी ।भाई खून से लथपथ पड़ा था। वह पुकारती रही,"भैया ! भैया" भाई के प्रण मानो यह अमृतवाणि सुनकर लौट पड़े।,वह बोला तू आगई. यह झंडा ले"। कहा

**III.जोडिए :**

1) बालक सारे घर का दुलारा था।
2) भाई खून से लथपथ पड़ा था।
3) बड़ी दूर जाना है तुम थक जाओगी।

**IV. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

**जुलूस**,-जनयात्रा-पाठशाला का जुलूस निकला गया।
**आभामंड़ल** -कांती का घेरा- आरती करने पर आभमंडल दिखता है।
**आतंक** - भय - बादशाह के हुकुम से सारे शहर में आतंक छाया हुआ था।
**हुक्म** - आदेश- राजा के हुकुम से राज्य चलता है।

## V.संज्ञा, सर्वनाम,शब्दों को अलग-अलग कीजिए :

जुलूस,वह,माँ,बादशाह,गुलाबसिंह,बहन,उसे,भैया,अपने,इन,झंडा,सिपाही, लोग,उन्होंने, गोली,खून
उत्तर :-
संज्ञा -जुलूस,माँ,बादशाह, गुलाबसिंह,बहन,भैया,झंडा,सिपाही, गोली,खून
सर्वनाम - वह,उसे,अपने,इन,लोग,उन्होंने,

## VI,विशेषण शब्द छाँटकर अलग लिखिए :

1) काला कुत्ता भौंक रहा है। **काला**
2) तोता हरे रंग का है। **हरे**
3) वह पीला पपीता खा रहा है।**पीला**
4) सुंदर लड़की खूब गाती है। **सुंदर**

## VII.अनुरूपता :

1) त्रीधारा: कविता : : बिखरेमोती : कहानी
2) रानी : राजा : : बेगम : बादशाह
3) अंगूर : फल : : गुलाब : फूल

4) दीया : दीप : : पताका : झंडा

**VIII. अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1) बादशाह -बेगम. 2) राजा - रानी
3) पिता - माता 4) लेखक - लेखिका
5) देवी - देव. 6) बहन - भाई

**XI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

1) झंडा - झंडे 2) दरवाजा - दरवाजे
3) ओढ़नी - ओढ़नियाँ 4) कहानी - कहानियाँ
5)डंडा - डंडे 6) थाली - थालियाँ

**X.समानार्थक शब्द लिखिए :**

पास
1) समीप
नजदीक
2) रक्त. - खून. - लहू
3) झंडा - पताका - ध्वज
4) संतोश - खुशी - आनंद

**XI. उचित शब्द से खाली स्थान भरिए :**

1) बड़ा भारी जुलूस. निकलना था।( निकालना,निकलना)
2) वह सारे घर का दुलारा था। ( था,थी)
3) झंडे की तैयारी होने लगी। ( लगा, लगी)
4) लोग भागे आए। ( आया, आए)

**XII.खली जगह भरिए :**

1) मिलना मिलाना मिलवाना
2) देखना दिखाना दिखवाना
3) खाना खिलाना खिलवाना
4) बैठना बिठाना बिठवाना
5) घूमना घुमाना घुमवाना

**XIII.नये शब्द बनाकर लिखिए ।**

अन. बेजान
बे जान. बेजान
सु सुजानसुजान

इसी प्रकार 'अन', 'बे', 'सु' को जोडकर अन्य पाँच -पाँच नये शब्द लिखिए :
उठा : अनागरिक
1) अन - अनमोल, अनपढ़, अनपेक्षित, आजम,अनम्र

2) बे- बेजान,बेरोजगारी, बेवफा, बेहद
3) सु - सुंदर, सुविधा, सुझाव, सुबहा

## भाषा ज्ञान

### कारक :

संज्ञा या सर्वनाम के उस रूप को 'कारक' कहते हैं, जिससे उसका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों,विशेषतया क्रिया के साथ प्रकट होता है। वास्तव में 'कारक' विभक्तियों चिन्हों से युक्त संज्ञा या सर्वनाम होते है।

| **विभक्तियाँ ( चिन्हा)** | **कारक** |
|---|---|
| 1) ने | कर्ता कारक |
| 2) को | कर्मा कारक |
| 3) से,के,साथ,के द्वारा | करण कारक |
| 4) को,के लिए. | संप्रदान कारक |
| 5) से,( अलग होना) | अपादन कारक |
| 6) का,के,की | संबंध कारक |
| 7) में,पर. | अधिकारण कारक |
| 8) हे! अरे! | संबोधन कारक |

**संज्ञा शब्दों के साथ कारकों का प्रयोग**

| **शब्द.** | **विभक्ति प्रत्यय.** | **कारक शब्द.** | **कारक का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1) गुलाब सिंह. | ने | गुलाब सिंहने | कर्ता कारक |
| 2) गुलाब सिंह. | को | गुलाब सिंह को | कर्मा कारक |
| 3) गुलाब सिंह. | से | गुलाब सिंह से | करण कारक |
| 4) गुलाब सिंह | को, के लिए. | गुलाब सिंह के लिए. | संप्रदान कारक |
| 5) गुलाब सिंह. | से, के द्वारा | गुलाब सिंह के द्वारा | अपादन कारक |
| 6) गुलाब सिंह | का/के/की | गुलाब सिंह का<br>गुलाब सिंह के<br>गुलाब सिंह की | संबंध कारक |
| 7) गुलाब. | सिंह में/पर. | गुलाब सिंह में<br>गुलाब सिंह पर | अधिकारण कारक |
| 8) गुलाब सिंह. | हे!/अरे! | हे गुलाब सिंह ! | संबोधन कारक |

### सर्वनाम शब्दों के साथ कारक का प्रयोग. :

| **शब्द +विभक्ति प्रत्यय.** | **= कारक शब्द.** | **कारक का नाम** |
|---|---|---|
| 1) हम + ने | हमने | कर्ता कारक |
| 2) हम + को | हमको | कर्मा कारक |
| 3) हम + से | हमसे | करण कारक |
| 4) हम + को/के लिए | हमको/ हमारे लिए | संप्रदान कारक |

5) हम + से/ के द्वारा　　हम से / हमारे द्वारा　　अपादन कारक
6) हम + का/के/की　　हमारा/ हमारे / हमारी　　संबंध कारक
7) हम + में/ पर　　हममें / हम पर　　अधिकारण कारक
8) हम + हे! /अरे!　अरे हम !　　संबोधन कारक

**I, खाली जगह भरिए** :

उदा : 1) बहन + ने =बहन ने　　कर्ता कारक
2) बहन + की = बहन की　　संबंध कारक
3) हम + लिए = हमारे लिए.　　संप्रदान कारक
4) हम + का = हमारा　　संबंध कारक
5) तुम + का = तुम्हारा　　संबंध कारक
6) तुम + से = तुम से　　करण कारक

---

# 3.स्वामी विवेकानंद

**- डाँ,जगदीश चंद्र**

**I.एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1) विवेकानंद के बचपन का नाम क्या था ?
उत्तर:- विवेकानंद के बचपन का नाम. नेरेंद्र देव था ।
2)विवेकानन्द का जन्म कब हुआ था?
उत्तर:-विवेकानन्द का जन्म 12जनवरी 1863 में हुआ था।
3)नरेंद्र पढने में कैसे थे?
उत्तर:-नरेंद्र पढने में बेड़े तेज थे।
4)विवेकानन्द के गुरु कौन थे?
उत्तर:-विवेकानन्द के गुरु रामकृष्ण परमहंस थे।
5)विवेकानंद अमेरिका कब गये?
उत्तर:- विवेकानंद अमेरिका सितंबर सन् 1893 को गये।
6)विवेकानंद की अनुयायिनी कौन थी?
उत्तर:-विवेकानंद की अनुयायिनी सिस्टर निवेदिता(कुमारी मार्गरेट एलिज़बेथ) थी।
7)विवेकानंद का देहांत कब हुआ?
उत्तर:- विवेकानंद का देहांत 4 जुलाई सन् 1902 को हुआ।

**II.दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1)विवेकानंद ने कौन-सा व्रत लिया?
उत्तर:- विवेकानंद ने रामकृष्ण परमहंस के संदेशों को सारे विश्व में फैलाने का और दीन दुखी जनों की सेवा और सहायता का व्रत लिया।
2)विवेकानंद के माता-पिता का नाम क्या है?
उत्तर:-विवेकानंद के माता-पिता का नाम माता का नाम श्री भुवनेश्वरी देवी,पिता श्री

विश्वनाथ दत्त है।
3)विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी?
उत्तर:- विवेकानंद की रुचि व्याख्यान देने और विचारों के आदान प्रदान करने के विषयों में थी।
4)विवेकानंद ने भारतवासियों को क्या उपदे शदिया ?
उत्तर:- विवेकानंद अज्ञान,अंधविश्वास,अशिक्षा, विदेशी अनुकरण,दासता और दुर्बलता आदी विषयों पर भाषण दे कर उनके बुरे प्रभावों को हटाने का भरतीय जनता को उपदेश दिया।
5)विवेकानंद ने किन-किन देशों की यात्रा की?
उत्तर:- विवेकानंद ने अमेरिका,इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड देशों की यात्रा की।
6)विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा?
उत्तर:- विवेकानंद ने जनता को ललकार कर "प्यारे देशवासियों वीर बनों और ललकार कर कहो कि मैं भारतीय हूँ। अनपढ़ भारतीय,निर्धन भारतीय,ऊँची जाती का भारतीय, नीच जाती का भारतीय सब मेरे भाई हैं। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा है।उनका गौरव मेरा गौरव है"। इस तरह विवेकानंद ने ललकार कर कहने को कहा।

**III.अन्य वचन रूप लिखिए :**

1)रूढी- रूढियाँ 2)व्याख्या- व्याख्याएँ
3)सेवा- सेवाएँ 4)आज्ञा - आज्ञाएँ
5)उपाधि- उपाधियाँ 6)शाखा- शाखाएँ

**IV.अन्य लिंग रूप लिखिए:**

1)माता- पिता 2)घोडा-घोडी
3)स्वामी- स्वामिनी 4)अनुयायी- अनुयायिन
5)बालक- बालिका 6)शिष्या- शिष्य

**V.विलोम शब्द लिखिए:**

1)गौरव × अगौरव. 2)दुख × सुख
3)सत्य × असत्या 4)धर्म × अधर्म
5)स्वदेश × विदेश. 6)समर्थ × असमर्थ
7)सबल × दुर्बल. 8)ज्ञान × अज्ञान

**VI जोडकर लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1)भुवनेश्वरी देवी | धर्मपरायण महिला थीं। |
| 2)रामकृष्ण मिशन की स्थापना | स्वामी विवेकानंद ने की। |
| 3)विवेकानंद का जन्म | कलकत्ते में हुआ। |
| 4)अंधविश्वास को हटाकर | धर्म का मर्म समझाया । |

**VII.वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1)घुडसवारी 2)हृदयस्पर्शी
3)अंधविश्वास 4)अकाल

5)जिज्ञासा
1)**घुडसवारी** - घुड़सवारी करने में बेड़ा आनंद आता है।
2)**हृदयस्पर्शी** - स्वामी विवेकानंद का भाषण बड़ा गंभीर और हृदयस्पर्शी था।
3)**अंधविश्वास** - विवेकानंद ने अंधविश्वासों का खंडन किया।
4)**अकाल** - अकाल से जन जीवन अस्त - व्यस्त होता है।
5)**जिज्ञासा** - बच्चों को पढने में जिज्ञासा है।

**VIII.वाक्य शुद्ध कीजिए**

1)विवेकानंद प्रयत्नशील रहे।
2)उनका भाषण गंभीर था।
3)स्वामीजी कोशिश की।
4)कुमारी मार्गरेट स्वामीजी की अनुयायी बन गई।
5)उन्होंने गरीबों के दशा सुधारने का संदेश दिया।

**IX. तालिका के आधार पर पाँच वाक्या बनाइए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यह. | महेश. | का | गुरुजी | है |
| ये | | के | भाई. | |
| | | की | बहन. | हैं। |
| | | | मकान | |

**उदा :- यह महेश का भाई है।**

1) यह महेश की बहन है। 2) ये महेश के बहन है। 3) यह महेश का मकान है। 4) ये महेश के गुरुजी है। 5) ये महेश के भाई है ।

**X.रिक्त स्थान भरकर सार्थक शब्द बनाइए :**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उदा: | | वि | | | | | | वि | | |
| | स. | | रा | | | | स | **वे** | रा | |
| | | क | | | | | | क | | |

1. उ / अ **पा** र / धि
2. स / अ **मि** त / ति
3. आ / प्र **दा** न / न
4. धा / का **र** क / क
5. भा / नि **र** त / त

**XI.दिये गये शब्दों में निहित चार नये शब्द ढूंढकर लिखिए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उदा :** | **धर्मपरायण** | **धर्म** | **राय** | **पण** | **धरा** |
| 1) | घुडसवारी | घुड, | सवारी, | डस, | वारी |
| 2) | परमहंस. | पर, | परम, | हंस, | समर. |
| 3) | अंधविश्वास. | अंध, | विश्वास, | श्वास, | अंश |
| 4) | भारतवासी | भारत, | वासी, | रत, | भार |
| 5) | विवेकानंद. | विवेक, | नंद, | वेद, | कान |

**XII. सही कारक चिहनों से रिक्त स्थान भरिए।**

1) नदी **के** तट पर आम का पेड है। (की/के)

2)रेलगाडि **के** इंजन से धुंआ निकलता है। (के/का)
3)जानवारों **पर** दया करनी चाहिए। (में/पर)
4)जवान और बूढों **में** अंतर होता है। (से/में)
5)धूप **से** पत्ते सूख गये । (को/से)

**XIII.अनुरूपता:**

1)रामकृष्ण परमहंस : शारदादेवी :: विश्वनाथ दत्त : भुवनेश्वरि देवी
2)1863 : विवेकानंद का जन्म :: 1893: सर्वधर्मा सम्मेलन
3)विवेकानंद : नरेंद्र ::सिस्टर निवेदिता:: कुमारी मार्गरेट एलिजबेत
4)शिकागो : अमरीका :: कलकत्ता : भारत

---

# 4.अनुशासन ही शासन है

**- डा रमेश मिलन**

**I.एक वाक्य में उत्तर लिखीए :**

1)बच्चों को सडक पर जाकर क्या नहीं करना है?
उत्तर :-बच्चों को सडक पर जाकर नहीं खेलना है।
2)हेलमेट के बिना कौन चलते है?
उत्तर :- हेलमेट के बिना समझदार चलते है।
3)बाट जोहने वालों को क्या नहीं देना चाहिए?
उत्तर :- बाट जोहने वालों को गम की सौगात नहीं देना चाहिए।
4)घायल को फौरन कहाँ पहुँचाना चहिए?
उत्तर :- घायल को फौरन अस्पताल पहुँचाना चहिए।
5)क्या अनमोल है?
उत्तर :- जीवन अनमोल है।
6)चौराहों पर क्या दिए गए हैं ?
उत्तर :- चौराहों पर एस्केप सुरक्षा संकेत दिए गए हैं ।

**II.दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1)चौराहों पर दिए गए संकेतों को विस्तार से बताइए ?
उत्तर :- लाल, हरी,पीली बत्ती ये चौराहें पर दिए गए ट्रैफिक के संकेत है, हरी पर चलना है,लाल पर रुकना है,पीली पर सचेत रहना है और सड़क पार हमेशा जीबरा क्रासिंग पर ही करना है।
2)दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए ?
उत्तर :- सड़क पर कभी ना आँख गिराना है और सड़क सुरक्षा संकेतों को पालन करना है ।

**III, अन्य वचन रूप लिखिए :**

1) सड़क. - सड़कें 2) साइकिल -साइकिलें
3) बच्चा - बच्चे 4) दुर्घटना - दुर्घटना
5) चौराहों - चौराहा 6) सिध्दांत - सिध्दांतें

**IV,उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

1) खेल - खेलना 2) लग - लगना
3) चल - चलना 4) रुक - रुकना
5) चुरा - चुराना 6) पहुँच - पहुँचना

**V,कोई भी गाड़ी (साइकिल छोड़कर ) चलने के लिए अनुमति पत्र / सनद की आवश्यकता होती है । इस अनुमति पत्र को लेने का तरीका समझिए :**

1) किस संस्था के द्वारा - क्षेत्रीय परिवाहन कार्यालय ।
2) अधिकारी ? - क्षेत्रीय परिवाहन अफसर
3) कितनी उम्र होनी चाहिए ? - सफलता ( 16/18)
4) कौन-से प्रमाण देने होंगे ? - उम्र प्रमाण पत्र तथा चालक परीक्षा ।
5) अनुमति पत्र / License के बिना गाड़ी चलाने पर क्या होगा ? - दुर्घटना / सजा / दंड होगा

**VI, सड़क पर चलते समय सबको अनेक नियमों का पालन करना पड़ता है। किन्हीं पाँच ऐसे नियमों को लिखिए जिन्हें आप अपने स्कूल में पालन करते हैं।**

जैसे : समय पर स्कूल पहुँचना।
1) रोज वर्दी ( समवस्त्र) पहन कर आना है।
2) किताब को सही ढ़ंग से रक्षा कवच डालना है।
3) भोजन समय पर हाथ धोना है।
4) मिलझुलकर शांतरीती से पढ़ाई करना है।
5) जिस दिन का कार्य उसी दिन पूर्ण करना है।

**VII, अनुरूपता :**

1) चलती बस में : चढ़ो नहीं तुम : : सिर तो आखिर : अपना ही है
2) करो मदद : घायल की : : जिओ और : जीने दो
3) लाल रंग : रुकना : : हरा रंग : चलना
4) चार पथ : चतुष्पथ : : चार राह : चौराह

**VIII, सही( ✓ ) और गलत ( × ) चिन्ह लगाइए :**

1)सड़क पर चलते समय खेलना है। **( × )**
2) समझदार हेलमेट पहनकर वाहन चलाते है । **( ✓ )**
3) घर पर इन्तजार करनें वालों को गम का सौगात देना है। **( × )**
4) दुर्घटना होने पर न आँख गिराना है। **( ✓ )**
5) घायल की मदद नहीं करनी चाहिए। **( × )**
6) हमें चलती बस में चढ़ना नहीं चाहिए। **( ✓ )**

**IX, उत्तर लिखकर उचित रंग भरिए :**

1) लाल रंग भरना ,रुकना है
2) पीला रंग भरना, सचेत रहना है
3) हरा रंग भरना, चलना है
4) काल रंग भरना ,सड़क काला होता है

1) लाल बत्ती जलने पर क्या करना चाहिए।
उत्तर :- लाल बत्ती जलने पर रुकना चाहिए।
2) पीली बत्ती क्या बताती है ?
उत्तर :- पीली बत्ती सचेत रहना बताती है।
3) हरी बत्ती देखने पर क्या करना चाहिए ?
उत्तर :- हरी बत्ती देखने पर चलना चाहिए ?
4) सड़क का रंग कौन - सा होता है ?
उत्तर :- सड़क का रंग काला होता है ?

**X, नारों की स्पर्धा :**

उदा : 1) सुरक्षा जीवन का अर्थ है, सुरक्षा के बिन सब व्यर्थ है।
2) मत करो इतनी मस्ती, जिंदगी नहीं है सस्ती ।

**उदाहरण के अनुसार तीन नारे लिखिए।**

1) सड़क सुरक्षा है एक नारा, सुरक्षा भरा हो परिवार हमारा।
2) बैठे है यमराज वहीं पर, नहीं सुरक्षा है जहाँ पर।
3) सज्जन व्यक्ति वही,जो सुरक्षा अपनायें सही।

---

# 5. मौसी

**- भीष्म साहनी**

**I, एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**

1) माँ के जैसे प्यारी कौन है ?
उत्तर :- माँ के जैसे प्यारी मौसी है ।
2) मौसी सभी को किस समय में साथ देती थी ?
उत्तर :- मौसी सभी को सबके सुख - दुख के समय में साथ देती थी ।
3) दोपहर होने पर मौसी कहाँ पहुँच जाती थी ?
उत्तर :- दोपहर होने पर मौसी स्कूल के फाटक पर पहुँच जाती थी।
4) मौसी बच्चों को क्या - क्या खिलाती थी ?
उत्तर :- मौसी बच्चों को चने,टिकिया, मूंगफली, खिलाती थी।
5) मौसी के बिना सारा मोहल्ला कैसा लगता था ?
उत्तर :- मौसी के बिना सारा मोहल्ला सूना - सूना लगता था।
6) लड़के भागकर क्या उठा ले आए. ?

उत्तर :- लड़के भागकर खाट उठा ले आए।
7) बच्चों ने हेडमास्टर से क्या बिनती की ?
उत्तर :- बच्चों ने हेडमास्टर से मौसी को स्कूल में काम दिया जाने कि बिनती की।
8) मौसी के जीवन में कैसे दिन लौट आए ?
उत्तर :- मौसी के जीवन में खुशी के दिन लौट आए।

**II, दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) मौसी बच्चों को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाती थी ?
उत्तर :- मौसी बच्चों को वह तोता - तोती की कहानी, काठ के घोडे की कहानी,विरोचित कहानी ,आदी कहानियाँ सुनाती थी।
2) बच्चों को मौसी का न दिखाई देना कब मालूम होता है ?
उत्तर :- बच्चों को मौसी का न दिखाई देना एक दिन जब स्कूल की छुट्टी हुई, बच्चे बस्ते उठाकर बाहर निकले तो मौसी फाटक पर नहीं मिली।शाम को बच्चे खेलने के लिए निकले, तो मौसी पेड़ के नीचे भी नहीं थी, उस समय यह मालूम होता है।
3) मकान के अंदर से बच्चों को कैसी आवाज़ें सुनायी दीं ?
उत्तर :- मकान के अंदर से बच्चों को ऊँची - ऊँची आवाज सुनाई दी,'हमने ठेका तो नहीं ले रखा है मौसी! बीस दिन से तुम यहाँ हो ।अब तुम किसी दूसरे के घर चली जाओ'। कहने की आवाज़ें सुनायी दीं।
4) बच्चों को क्यों गुस्सा आया ?
उत्तर :- मौसी एक खाट पर लेटी थी। उसके बाल उलझे हुए और चेहरा सूखा हुवा था ।मौसी को एसी स्थिति में देखकर बच्चों को दःख हुवा और गुस्सा आया।

**III, तीन - चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) मौसी और बच्चों के बीच में क्या बातचीत हुई. ?
उत्तर :- "तु इतने दिन कहाँ थी मौसी? यहाँ क्यों बैठी है? "एक ने पूछा। "मै यहाँ से जा रही हूँ बेटा "।कहते हुए मौसी की आँखें भर आई, तू तो बीमार थी मौसी ? तबीयत कैसी है? "बलदेव ने पूछा। "बेटा, मैं ठीक हो गयी हूँ। अपना गाँव जा रही हूँ।" "हम तुझे कहीं नहीं ज:ाने देंगे मौसी ", सबने एक स्वर में कहा। मौसी की आँखों में आँसू छलक उठी।
2) बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की ?
उत्तर :- लडके भागकर खट उठा ले आए।उस पर मौसी को जबरदस्ती बैठा दिया ।खाट को सीधे नीम के पेड़ के नीचे ले आए ।कन्हैया भागकर अपने घर से दरी और तकिया लाया। उषा थाली में दो रोटियाँ लायीं। योगराज एक कटोरे में दूध लाया।गोपाल घर से लैंप उठा लाया।मुन्नी पीने के लिए पानी लायी।बलदेव के पिता डाक्टर थे।वह अपने पिता को क्लीनिक से खींच लाया "मौसी बीमार हैं आप जल्दी चलकर देखिए।" इस तरह बच्चों ने सेवा की।
3) मौसी दिन कैसे बिताती थी ?
उत्तर :- बच्चे मौसी को घेरे रहते और वह उन्हें कहानियाँ सुनाती।कभी -कभी लाठी टेकते हुई मोहल्ले का चक्कर काटती,सभी घरों में झाँक उनका कुशल क्षेम

पूछती।साँज ढले अपनी कोठरी में चली आती और चैन की साँस लेती।इस तरह मौसी दिन बिताती थी।

**IV, रिश्ता जानिए और लिखिए :**

1) पिता के पिता : दादा : : माता के पिता : नाना
2) पिता के बहन : बुआ : : माता की बहन : मौसी
3) पति/ पत्नी के पिता : ससुर : : पति/पत्नी की माता : सास
4) बेटे की पत्नी : बहुवचन : : बेटी का पति : दामाद

**V, नमूने के अनुसार लिखिए :**

उदा : कहानी - कहानियाँ माला - मालाएँ बात - बातें
1) लड़की - लड़कियाँ माता - माताएँ आँख - आँखें
2) कोठरी - कोठरियाँ दिशा - दिशाएँ दरार - दरारें
3) पहेली - पहेलियाँ घटना - घटनाएँ दुकान - दुकानें

**VI, विलोम शब्द के जाड़े बनाइए :**

उदा : बाहर × अंदर
1) गलत × सही 2) सुख × दुख
3) छोटा × वडा 4) खुशी × गम
5) टेड़ा × सीदा 6) बहुत × कम
7) रात × दिन. 8) अपना × पराया
9) ऊपर × नीचे

**VII, पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

1) पेड़ - वृक्ष, तरु
2) घोड़ा - अश्व, घोटक
3) दूध - दुग्ध, दुहना
4) पानी - जल, नीर
5) घर - आवास, सदन
6) औरत - स्त्री, महिला

**VIII,सार्थक वाक्य बनाइए :**

1) मौसी सबको माँ जैसी प्यारी थी।
2) मौसी विरोचित कहानियाँ सुनाती थी।
3) दूसरे दिन हाकी मैच खेलकर लौट रहे थे।
4) मुन्नी पीने के लिए पानी लाई।

**IX, कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :**

उत्तर :- बच्चे नीम के पेड़ के तले खेलते थे।
उत्तर :-ಮಕ್ಕಳು ಬೇವಿನ ಮರದ ಕೆಳಗೆ ಆಡುತಿದ್ದರು.
2) उसे सब मैसी कहकर पुकारते थे।
उत्तर :- ಅವಳನ್ನು ಎಲ್ಲರೂ ಚಿಕ್ಕಮ್ಮ ಎಂದು ಕರೆಯುತ್ತಿದ್ದರು.
3) बच्चों के लिए तो वह सेवा की मूर्ति थी।

उत्तर :- ಮಕ್ಕಳಿಗಾಗಿ ಅವಳು ಸೇವೆಯ ಮೂರ್ತಿಯಾಗಿದ್ದರು.
4) सब के घरों में झाँक कुशल - क्षेम पूछती थी।
उत्तर :- ಎಲ್ಲರ ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಇಣುಕಿ,ಕುಶಲ - ಕ್ಷೇಮ ಕೇಳುತ್ತಿದ್ದಳು.

**X, नमूने के अनुसार लिखिए :**

**उदा : दूध -----> मलाई , माखन,घी, मिठाई**

1) **पेड़** ----->छाल,लकड़ी,तेल,साबुन
2) **सोना** -----> अंगूठी,गले का हार,किरीट,जेवरात
3) **फूल** -----> माला,गुलिंदा,इत्र,शृंगार
4) **कागज** ---> पत्र,समाचार पत्र ,नोटबुक,किताब

## XI, पाठशाला में और घर में आपको क्या-क्या करने के लिए कहा जाता और क्या करने के लिए मना किया जाता है। तालिका में लिखिए :

| **क्या करना है** | **क्या नहीं करना है** |
|---|---|
| 1)पटना है। | 1)गपशप नहीं करना है। |
| 2) गृहकार्य करना है। | 2) किसी से भी झगडा नहीं करना है। |
| 3)समय का पालन करना है। | 3) ज्यादा मोबैल,टीवी,नहीं देखना चाहिए। |

## भाषा - ज्ञान

### 'क्रिया - विशेण अव्यय'

क्रिया की विशेषता बतानेवाले शब्दों को क्रिया-विशेषण कहते है।
उदा : घोड़ा तेज़ दौड़ता है।
बूढ़े लोग **धीरे -धीरे** चलते हैं।
क्रिया विशेषण के चार प्रकार हैं :
1) रीतिवाचक क्रिया विशेषण
उदा : वे **ध्यनपूर्वक** सुन रहे थे।
2) कालवाचक क्रिया - विशेषण
उदा : मैं तुम्हारे घर **कल** आऊँगा।
3) स्थानवाचक क्रिया - विशेषण
उदा :रजनी **बाहर** बैठी है।
4) परिमाणवाचक क्रिया - विशेषण
उदा :साहनी जी ने किताबें बहुत लिखी हैं।

I, निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया - विशेषण छाँटकर लिखिए :
1) मीरा अच्छा गाती है। - **अच्छा**
2) योगराज कटोरे भर दूध लाया। - **कटोरे भर**
3) मौसी धीरे से बोलती है। - **धीरे से**
4) राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी अभी आई है। - **अभी**
5) बच्चे पेड़ के नीचे खेल रहे हैं। - **पेड़ के नीचे**

---

# 6. चेरापूंजी से आया हूँ

**- प्रदीप पंत**

**I,एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1) किस राज्य को बादलों का घर कहते है ?

उत्तर :- मेघालय राज्य को बादलों का घर कहते है

2) जीप में लेखक के साथ और कौन बैठे हैं ?

उत्तर :- जीप में लेखक के साथ जीप में राज्य के एक अधिकारी श्री संगमा और उनके दो दोस्त बैठे हैं ।

3) मेघालय के तीन पर्वतीय अंचलोंका नाम लिखिए ।

उत्तर :- मेघालय के तीन पर्वतीय अंचलों का नाम **खासी पर्वत,गोरा पर्वत और जयंतिय पर्वत है।**

4) मेघालय में हर कहीं कौन-सी पारिवारिक व्यवस्था है ?

उत्तर :- मेघालय में हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था मातृसत्तात्मक है - भूमि,धन और संपत्ति सब माँ से बेटी को मिलती है।

5) नोहशंघथियांग प्रपात किस नाम से लोकप्रिय है ?

उत्तर :- नोहशंघथियांग प्रपात माँसमाई प्रपात नाम से लोकप्रिय है ।

6) गारो समूह किस जाती का अंग माने जाते है ?

उत्तर :- गारो समूह बोडो जाती का अंग माने जाते है ।

**II,दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) बिजली उत्पादन के बारे में संगमा ने क्या कहा ?

उत्तर :- मेघालय में खपत से ज्यादा पनबिजली का उत्पादन होता है ।हम अतिरिक्त बिजली अन्य राज्यों को दे देते है।वैसे यदि यहाँ सभी गाँव बिजली से जगमगा उठें, तो भी अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होता रहेगा।

2) ' माइती बाज़र ' के बारे में तीन वाक्य लिखिए ।

उत्तर :- स्त्री का पूरा बाजार ही है वहाँ, जिसे 'माइती बाजार ' कहते है - यानी माँ का बाजार ।दिन भर सामान की बिक्री कर शाम को अपने - अपने घर लौटती हैं। किसी प्रकार का वर्ग - भेद नहीं होता है।

3) चेरापूँजी की विशेषता क्या है ?

उत्तर :- समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर ऊपर, जो विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है। यह चेरापूँजी की विशेषता है।

4) माँसमाई गाँव की गुफाएँ कैसी हैं ?

उत्तर :- माँसमाई गाँव की गुफाएँ " यह प्राकृतिक शिवलिंग है। और आश्चर्य तो माँसमाई गाँव की गुफाएँ भी हैं।गुफाएँ इतनी अँधेरी हैं कि मशाल या टार्च जलाई बिना उसमें प्रवेश नहीं कर सकते।"

**III,व्दित्व शब्दों को पाठ में से चुनकर लिखिए :**

**उदा : उमड़ते - घुमड़ते**

1) ऊँचा - नीचा 2) रीति - रिवाज
3) कल -कल - छल - छल. 4) अगल - बगल
5) ऊपर - नीचे

## IV,रिक्त स्तनों की पूर्ति कीजिए :

1) मेघालय की राजधानी है **<u>शिलंग</u>**।
2) चेरापुँजी शिलंग से **<u>53</u>** कि.मी. की दूरी पर है।
3) मेघालय में हर कहीं पारिवारिक व्यवस्था **<u>मातृसत्तात्मक</u>** है
4) चेरापूँजी समुद्र की सतह से कोई **<u>तेरह सौ</u>** मीटर ऊपर है।
5) खासियों को समाज में **<u>सम्मान</u>** की दृष्टि से देखा जाता है।

**V, जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1) चेरापूँजी की सड़कें | कुहरे से घिरी हुई है। |
| 2) तमाम दूकानों पर. | स्त्रियाँ सौदा बेचती है। |
| 3) चेरापूँजी में | साल भर वर्षा होती रहती है। |
| 4) नोंगक्रेम. | खासी लोगों का प्रमुख नृत्या है। |
| 5) बेहडेनखलाम. | ज्योतिबा पहाड़ीयों का उत्सव है । |

**VI,' बे 'उपसर्ग जोड़कर विलोम शब्द बनाइए :**

उदा :हिचक × बेहिचक

| | |
|---|---|
| 1) रोकटोक × बेरोकटोक | 6) वफा × बेवफा |
| 2) इज्जत × बेइज्जत | 7) शक × बेशक |
| 3) रहम × बेरहम | 8)ताज × बेताज |
| 4) ईमान × बेईमान | 9) सहारा × बेसहारा |
| 5) कसूर × बेकसूर | 10) काबू × बेकाबू |

**VII,अब आपको किसी यात्रा पर जाना है। सोच - समझकर आप इन वाक्यों को एक क्रम से लिखिए :**

1) यात्रा स्थल को चुनना।
2) बस या रेल में आरक्षण की व्यवस्था कर लेना।
3) होटल से संपर्क कर कमरा निर्धारित करना।
4) छुट्टी लेना ।
5) कपड़े,सामान बाँध लेना।

**VIII.चेरापूँजी में साल भर वर्षा होती रहती है। ' वर्षा ' प्रकृति की अनुपम भेंट है। इसी प्रकार प्रकृति के कुछ अन्य देन -**

उदा : जल प्रपात

जलप्लावन
|
जलपक्षी --- जल. --- जलसांपा
|

जलजंतु

**IX, संकेत - बिंदुओं के आधार पर अपनी किसी यात्रा का वर्णन कीजिए :**

1) कहाँ गये थे ? --- बेंगलूरु।

2) किसके साथ गये थे ?---- परिवार के साथ।

3) कब गये थे ? --- छुट्टियों में।

4) कैसे गये थे ? -- ट्रेन से ।

5) उस स्थान में क्या - क्या देखे ? --- विधानसौधा और हैकोर्ट।

6) कोई विशेष अनुभव ( एक / दो वाक्य ) ---- बेंगलूरु की जनसंख्या और वहाँ के ऊँचे - ऊँचे इमारतें देखकर बहुत प्रसन्न हुवा।

**X, चेरापुँजी में साल-भर वर्षा होती है।इसे ' अतिवृष्टि ' कहते हैं। इसी प्रकार कहीं-कहीं पर वर्षा ऋतु में भी वर्षा नहीं होती। इसे अनावृष्टि कहते हैं।**

कक्षा में चर्चा करके इन दोनों से होनेवाले हानियों को लीजिए।

| **अतिवृष्टि** | **अनावृष्टि** |
|---|---|
| 1) पुल टूटते है। | 1) खेत सूख जाते है। |
| 2) मिट्टी के घर गिर जाते है। | 2) जीव - जंतु और जानवर मरते है। |
| 3) बहते पानी में लोग मर सकते है। | 3) अकाल से लोग मर सकते है। |

## XI, चुटकुला :

एक आदमी सड़क पर जा रहा था।तभी वर्षा होने लगी ।रुकने के बजाय घर जल्दी पहुँचने की आशा में वह चलता ही रहा ।कुछ दूर चलने पर पैर फिसल जाने के कारण गिर गया।उसी समय आकाश में बिजली चमकी।

वह आदमी बड़बड़ाया "हे भगवान! तुम भी अच्छा मजाक कर लेते हो।पहले तो मुझे कीचड़ में गिरा दिया और फिर ऊपर से फोटो भी खिंच लिया।"

इसीवप्रकार ' वर्षा ' से संबंधित और कुछ चुटकुलें संग्रहित कीजिए ।

## XII.अनुरूपता :

1) कर्नाटक : बेंगलूरु : : मेघालय. : शिलंग

2) राजस्थान : रेत का प्रदेश : : मेघालय : बारिश का प्रदेश

3) मणिपुर : इम्फाल : : बाँग्लादेश : ढाका

4) नोंगक्रेम : नृत्य : : बेहडेनखलाम : उत्सव

## भाषा ज्ञान

**संधि :** दो वर्णों के मेल से उनके मूल रूप में जो परिवर्तन या विकार आ जाता है, वह ' संधि ' कहलाता है।

**संधि के तीन भेद**

|

________________________________________

| | |

स्वर संधि व्यंजन संधि विसर्ग संधि

**स्वर संधि** : दो स्वरों के मेल से होनेवाले परिवर्तन को ' स्वर संधिब ' कहते है।

**स्वर संधि के पाँच भेद**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दीर्घ संधि | गुण संधि | वृध्दि संधि | यण् संधि | अयादि संधि |

**1) दीर्घ संधि** : एक ही जाती के दो समान स्वर मिलकर परस्पर तीसरा स्वर उत्पन्न होता है इस क्रिया को दीर्घ संधि कहते है।

उदाहरण :

क) समानाधिकार = समान + अधिकार ( अ + अ = आ)
धर्मात्मा = धर्म + आत्मा ( अ + आ = आ)
रामावतारा = राम + अवतारा ( अ +अ= आ)
विद्यालय = विद्य+ आलय ( अ + आ = आ)

ख) कवींद्र = कवि + इंद्र ( इ + इ = ई )
गिरीश = गिरि + ईश ( इ + ई = ई)
महींद्र = मही + इंद्र ( ई + इ = ई )
रजनीश = रजनि + ईश ( ई + ई = ई)

ग) लघुत्तर = लघु + उत्तर ( उ + उ =ऊ)
सींधूर्मि = संधु + ऊर्मी (उ + ऊ = ऊ)
वधूत्सव = वधु + उत्सव ( उ + उ =ऊ)
भूर्जा = भू + ऊर्जा ( ऊ + ऊ = ऊ )

घ) पितृण= पितृ + ऋण ( ऋ + ऋ = ऋ)

**2.गुण संधि :** 'अ' 'आ' स्वर के आगे 'इ' 'ई' स्वर आये तो 'ए' स्वर, अ' 'आ' स्वर के आगे 'उ' 'ऊ' स्वर आये तो 'ओ' स्वर,और अ' 'आ' स्वर के आगे 'ऋ' स्वर आये तो 'अर' स्वर उत्पन्न होता है इस क्रिया को गुण संधि कहते है।

उदाहरण :

(क ) गज + इंद्र. = गजेंद्र. ( अ+ इ = ए.)
परम + ईश्वर. = परमेश्वर ( अ+ ई = ए.)
महा + इंद्र. = महेंद्र ( आ + इ = ए )
रमा + ईश. = रमेश ( आ + ई = ए )

( ख) .वार्षिकोत्सवा = वार्षिक. + उत्साव(अ+ उ = ओ )
जलोर्मि = जल + ऊर्मी ( अ + ऊ= ओ )
महोत्सव = महा + उत्सव. ( आ + उ = ओ )
महोर्मी = महा + ऊर्मी ( आ+ ऊ = ओ )
( ग) सप्तर्षियों = सप्त + ऋषि ( अ + ऋ = अर )
महर्षि = महा + ऋषि (आ+ ऋ = अर.)
(घ) पितृण = पितृ + ऋण ( ऋ + ऋ = ऋ )

**3) वृध्दि संधि :** अ' 'आ' स्वर के आगे 'ए' 'ऎ' स्वर आये तो 'ऐ' स्वर 'अ' 'आ' स्वर के आगे 'ओ'' 'औ' स्वर आये तो 'औ' स्वर उत्पन्न होता है। इस क्रिया को वृध्दि संधि कहते है।

(क) एकैक = एक + एक. (अ+ ए = ऎ.) .
मतैक्य = मत + ऎक्य.(अ+ ऐ = ऎ:)
सदैव = सदा + एव (आ+ ए = ऐ )
महैश्वर्य = महा + ऎश्वर्य. ( आ+ ऐ = ऐ )
( ख ) परमौषध= परम + ओषध (अ+ ओ = औ) .
वनौषधि = वन + औषध (अ+ औ = औ.) .
महौजस्वी = महा + ओजस्वी (आ+ ओ = औ.)
महौषधि = महा + औषधि ( आ+ ओ = औ.)

**4) यण् संधि :** 'इ' 'ई' स्वर के आगे 'अ' 'आ' स्वर आये तो 'य' व्यंजन,'उ' 'ऊ' स्वर के आगे 'अ' 'आ' स्वर आये तो 'व' व्यंजन , 'ऋ' स्वर के आगे 'अ' 'आ' स्वर आये तो 'र' व्यंजन उत्पन्न होता है,इस क्रिया को यण् संधि कहते है।

उदा हरण :
अत्यधिक =अति + अधिक (इ+ आ = या)
इत्यादि = इति + आदि (इ+ आ = या)
प्रत्युपकार = प्रति + उपकार (इ + उ = है )
मन्वंतर = मनु + अंतर ( उ + अ = व )
स्वागत = सु + आगत. ( उ+ आ = व )
पित्रनुमति = पितृ + अनुमती ( ऋ + अ = र.)
पित्राग्ना = पितृ + आग्ना ( ऋ+आ = र )
पित्रादेश = पितृ + आदेश.( ऋ + आ = र.)
पित्रुपदेश = पितृ + उपदेश.( ऋ+ उ = र.)

**5) अयादि संधि :-** जब 'ए' 'ऐ' 'ओ' 'औ' स्वर के आगे 'कोई भिन्न स्वर आये तो इनके स्थन में यथानुक्रम "अय्" "आय् अव्" आव् हो जाता है । इस क्रिया को अयादि संन्धी कहते है।

उदाहरण :

नयन = ने + अन् ( ए+अ = अय् )

गायन = गै + अन् ( ऐ.+ आ = आय् )

पवन = पो + अन (ओ+अ = अव् )

पावक = पौ + अक ( पो + अ =आव् )

**2, व्यंजन संधी :–**

पूर्व पद के अंतिम व्यंजन के साथ उत्तर पद के प्रथम व्यंजन या स्वर के मेल होने से जो परिवर्तन होता है इस क्रिया को व्यंजन संधि कहते है।

उदाहरण :--

दिग्गज =दिक् + गज

जगदंबा = जगत् + अंबा

षड़ानना = षट् + आनन

अनन्त =अच् + अन्त

तद्रूप = तत् + रूप.

**3,विसर्ग संधि :–**

स्वरों अथवा व्यंजनों के साथ विसर्ग ( : ) के मेल से विसर्ग में जो परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते है ।

उदाहरण :--

निश्चय = निः + चय.

निष्कपट = निः + कपट

नीरस = निः + रस

दुर्गंध = दुः + गंध.

मनोरथ = मनः + रथ

पुरोहित = पुरः + हित.

**I,संधि - विच्छेद कीजिए और संधि का नाम लिखिए :**

1) देहांत = देह + अंत - दीर्घ संधि

2) स्वेच्छा = स्व + इच्छा - गुण संधि

3) अत्यधिक = अति + अधिक - गुण संधि

4) महोन्नत = महा + उन्नत - गुण संधि

5) वीरांगन = वीर + आंगना - दीर्घ संधि
6) नायिका = नै + इक - अयादि संधि

**II,संधि कीजिए :**

1) मत + अनुसार. =मतानुसार - दीर्घ संधि
2) मुनि + इंद्र = मुनींद्र - दीर्घ संधि
3) गुरु + उपदेश = गुरुपदेश - दीर्घ संधि
4) वीर + उचित = विरोचित - गुण संधि
5) लोक + उपकार = लोकोपकार - गुण संधि
6) महा + उदय = महोदय - गुण संधि
7) महा + ऋषि = महर्षि - गुण संधि
8) सदा + एव = सदैव - वृद्धि संधि
9) लोक + ऐश्वर्य = लोकेश्वर - वृद्धि संधि
10) शे + अन = शयन - अयादि संधि

**III,उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

उदा : देव +आलय =देवालय
1) गोल + आकार = गोलाकार
2) सह + अनुभूति = सहानुभूति
3) रजनी + ईश = रजनीश
4) सु + आगत =स्वागत
5) अति + अंत =अत्यंत
6) अनु + अत = अन्वय
7) भू + अन = भवन
8) पुत्रृ +आज्ञा = पित्राज्ञा
9) पौ + अक = पावक

---

# 7.पर्यावरण बचाओ

**- परशुराम शुक्ल**

**I, एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**

1) आज किसको बचाने की माँग है ?
उत्तर :- आज पर्यावरण को बचाने की माँग है।
2) जीव कब तक जगत में रह सकता है ?
उत्तर :- जीव जबतक पानी है जगत में रह सकता है।

3) कवि किसको शुध्द रखने की बात करते है ?
उत्तर :- कवि वायु को शुध्द रखने की बात करते है ।
4) सोंधी मिट्टी को क्या कहा गया है ?
उत्तर :- सोंधी मिट्टी को रानी कहा गया है
5) जीव जगत के मित्र कौन-कौन हैं ?
उत्तर :- जीव जगत के मित्र ध्वनि,मिट्टी, जलवायु आदि है ।
6) कवि किसका संकट दूर करने की बात करते है ?
उत्तर :- कवि शोर और मिट्टी का संकट दूर करने की बात करते है।
7) कवि एक वृक्ष के बदले में कितने वृक्ष लगाने को कहते हैं ?
उत्तर :- कवि एक वृक्ष के बदले में ग्यरहा वृक्ष लगाने को कहते हैं ।

**II.दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1) पर्यावरण का महत्व समझाइए ।
उत्तर. :- परिसर के बिना मानव का जीवन असंभव है।शुध्द पर्यावरण जीव-जगत के लिए आवश्यक है।आजकल जल, वायु और ध्वनि का प्रदूषण निरंतर बढते जाने के कारण परिसरका संतुलन बिगड़ रहा है ।इस प्रर्यावरण का महत्व समझकर इसकी रक्षा करना सबका आध्य कर्तव्य है।
2) परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए. ?
उत्तर :- एक वृक्ष अगर कट जाता है तो उसके बदले में ग्यारह वृक्ष लगाना चाहिए और रोज एक वृक्ष हमें लगाना है।और ऐसा शपथ लेकर कार्य करना है।

**III.जोड़कर लिखिए** :

1) जग में - पानी
2) मिट्टी - रानी
3) मानव का - जीवन
4) एक वृक्ष - नित रोपेंगे
5) शपथ - खाओ
6) समय की- माँग

**IV,सही शब्दों से रिक्त स्थन भरिए :**

1) आज समय की **माँग** यही है पर्यावरण बचाओ।
2) शोर और **मिट्टी** का संकट दूर करेंगे सारा।
3) ध्वनि, मिट्टी,**जलवायु** आदि जीव जगत के मित्र सभी।
4) एक **वृक्ष** हम नित रोपेंगेन

**V.भावार्थ लिखिए :**

ध्वनि,मिट्टी, जलवायु आदि
जीव जगत के मित्र सभी।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा।
शोर और मिट्टी का संकट,

दूर करेंगे सारा।

**भावार्थ** : - प्रस्तुत कविता में शुक्ल जी कहते है ध्वनि,मिट्टी और जलवायु आदी सभी जीव जगत के मित्र है। इन सभी का रक्षा करनाअब हमारा कर्तव्य है। कोलाहल के और मिट्टी का संकट हम सभी मिलकर दूर करेंगे । यह इसका भावार्थ है।

**VI.निम्नलिखित शब्दों के शुध्द रूप लिखिए :**

जीव, वायू, पनि, कतर्वय, मनव

1) जीव. 2) वायु 3) पानी 4) कर्तव्य. 5) मानव

**VII.पशु-पक्षी मानव के मित्र हैं। निम्नलिखित तालिका में 10 पालतू जानवर तथा 10 पक्षीयों के नाम लिखिए :**

| **पालतू जानवर.** | | **पक्षी** | |
|---|---|---|---|
| 1) गाय | 6) बकरा | 1) कबूतर. | 6) मुर्गी |
| 2) बिल्ली | 7) कुत्ते | 2) मोर. | 7)शुतमृग |
| 3) बकरी | 8) कुतिया | 3) तोता | 8)मैना |
| 4) बैल | 9) घोड़ा | 4) बतख. | 9)मोरनी |
| 5) भैंस | 10) गधा | 5) मुर्गा | 10) चिडिया |

**VII. निम्नलिखित तालिका में कुछ पेड़-पौधे और फूलों के नाम दिये गए हैं। उन्हें अलग करके लिखिए** :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तु | सू | र. | ज. | मु | खी |
| सा | ल. | औ. | दं | ब. | र |
| नि | म. | सी | च. | मे | ली |
| है | ला | ब. | पी | प. | ल |
| ब. | र. | ग. | द. | गें | दा |
| ना | रि | य. | ल. | चं | पा |

| **पेड़-पौधे** | | **फूल** | |
|---|---|---|---|
| 1) नीम. | 4) पीपल | 1) चमेली | 4) चंपा |
| 2) नारियल. | 5) औदंबर | 2) गुलाब. | 5) सूरजमुखी |
| 3) बरगद. | 6) तुलसी | 3) गेंदा | 6) जबली |

**IX.उदाहरण के अनुसार पर्यायवाची शब्द बनाइए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदा : पानी | जल. | नीर. | उदक |
| 1) वायु | पवन. | हवा | समीर |
| 2)जगत. | संसार. | विश्व. | दुनिया |

**X.अनुरपता** :

1) पानी : जल : : वायु : पवन

2) मेरा : हमारा : : तेरा : तुम्हारा

3) 11: ग्यरह : : 17 : सत्रह

4) सजीव : निर्जीव : : जन्म : मरण

# 8.भीम और राक्षस

**- विष्णु प्रभाकर**

**I,एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

1)बकासुर कहां रहता था ?

उत्तर : बकासुर एकचक्र नगर के जंगल में रहता था।

2)भीम कौन था ?

उत्तर : भीम कुंती का पुत्र था ।

3)राक्षस का नाम क्या था ?

उत्तर : राक्षस का नाम बक ( बकासुर) था।

4)भीम ने बकासुर की लाश को कहाँ रखने के लिए कहा ?

उत्तर : भीम ने बकासुर की लाश को नगरी के दरवाजे पर रखने के लिए कहा।

5)कुतिं के कितने बेटे थे ?

उत्तर : कुतिं के पाँच बेटे थे।

6)' भीम और राक्षस ' एकांकी के लेखक कौन हैं ?

उत्तर : ' भीम और राक्षस ' एकांकी के लेखक विष्णुप्र भाकर हैं ।

**II.दो तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1)ब्राम्हण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे ?

उत्तर : ब्राम्हण के घर में सब लोग रो रहे थे क्यों की बकासुर को खाना लेजाने की बारी कल ब्राह्मण का था। ब्राहमण और ब्राहमणी दोनों में खुद जाने की बेहस चल रही थी,तब लड़की इन दोनों को मना करके खुद जाने की बात करती है इस लिए घर के लोग रो रहे थे।

2)बकासुर क्या काम करता था और उसके बदले में वह क्या लेता था ?

उत्तर : बकासुर एकचक्र नगरी के लोगों की रखवाली करता था।और उसके बदले में लोगों से एक गाड़ी अन्न, दो भैंस और एक मनुष्य लेता था।

**III.रिक्त स्थान भरिए :**

1)तुम चले गये तो घर का **<u>सहारा</u>** ही चला जाएगा।

2)तुम <u>पहेलियाँ</u> बुझा रहे हो।

3) **<u>अतिथी</u>** को अपने दुख से दुखी नहीं करना चाहिए।

4)में अभी तुझे **<u>पानी</u>** पिलाता हू।

5)"अभी तेरे दो **<u>टुकड़े</u>** किये देता हूँ।

**IV.विलोम शब्दलिखिए**

रोना, × हँसना अपराध, × निरपराध भक्षक, × रक्षक पास, × दूर शुद्द, × अशुद्ध काला, × गोरा वीर × कायर

**V.जोडकर लिखिए :**

**अ** **आ**

1)बक राक्षस
2)भीम कुंती
3)युद्ध लडना
4)ब्राम्हण का घर

**VI.अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

ब्राम्हण, - ब्राम्हणी बेटा, - बेटी अकेला, - अकेली पुतला - पुतली

**VII'भीम' पांच पांडवों में से एक है। बाकी चार पांडवों के नाम लिखिए:**

1. धर्मराय 2.अर्जुन 3. नकुल 4.सहदेव

इसी प्रकार जानकर :

**पाँच तत्व** - पृथ्वी , जल, वायु, अग्नि, आकाश

**पाँच इंद्रिय** - आंख, कान, नाक, जीभ, त्वचा, (स्पर्श)

**पाँच अमृत**. - दूध, दही, घी, शक्कर, शहद

**VIII.इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :**

उदा :1) जो बलहीन हो - **दुर्बल**
2) जिसके आने की कोई तिथि न हो - **अतिथि**
3) जो रक्षा करता हो - **रक्षक**
4) जिसके मन में दया न हो - **निर्दयी**
5) जो शोक न करता हो - **अशोक**
6) जो भारत में रहता हो - **भारतीय**
7) गोद लिया हुवा - **दत्तक**

## IX.कन्नड़ में अनुवाद कीजिए :

1) उसका पूरा नाम बकासुर है।
**उत्तर** :- ಅವನ ಪೂರ್ಣ ಹೆಸರು ಬಕಾಸುರ.
2) इस नगरी का राजा बड़ा दुर्बल है।
**उत्तर** :- ಈ ನಗರದ ರಾಜ ಬಹಳ ದುರ್ಬಲನಾಗಿದ್ದಾನೆ.
3) भगवान तुम्हारे बेटे की रक्षा करेगा।
**उत्तर** :- ದೇವರು ನಿಮ್ಮ ಮಗನ ರಕ್ಷಣೆ ಮಾಡುತ್ತಾನೆ.
4) बड़ा अजीब आदमी है।
**उत्तर** :- ಬಹಳ ವಿಚಿತ್ರ ಮನುಷ್ಯನಿದ್ದಾನೆ.

**X.अनुरूपता :**

1) सहदेव : माद्री का बेटा : : भीम : कुंती का बेटा
2) भिम : मानव : : बकासुर : दानव
3) अर्धनारीश्वर : उपन्यास : : आवारा मसीह : जीवनी
4) भाग्य फूटना : बुरा होना : : पाठ पढ़ना : सबका सिखाना

## भाषा ज्ञान

**संबंधबोधक अव्यय** :
मकान **के पास** कुछ बोरे पड़े हैं।
चींटी **की तरह** मर गया ।
उपर्युक्त वाक्यों में **के पास** और **की तरह** शब्द मकान एवं चींटी शब्दों का वाक्य के अन्य शब्दों के शाथ संबन्ध सूचित कर रहे हैं।
जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ जोड़ते है, वे ' संबंधबोधक ' कहलाता हैं।
**संबंधबोधक के निम्नलिखित दस भेद हैं** :
1) **समतावाचक** - की भाँति,के बराबर,के समान,की तरहा आदि
2) **विरोधवाचक** - के विपरित, के विरुद्ध, के खिलाफ आदि
3) **स्थनवाचक** - के पास,के दूर, के नीचे, के भीतर, आदि
4) **दिशवाचक** -की ओर, के आस-पास, के सामने आदि
5) **तुलनावाचक** - की तरह,की अपेक्षा आदि
6) **हेतुवाचक** - के कारण,के लिए, की खातिर आदि
7) **कालवाचक** - से पहले,के बाद,के पश्चात् आदि
8) **पृथकवाचक** - से अलग,से दूर, से हटकर, आदि
9) **साधनवाचक** - के द्वारा, के माध्यम, के सहारे आदि
10) **संगवाचक** - के साथ, के संग,समेत आदि
**I, निम्नलिखित वाक्यों में से संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए** :
1) मुझे अंगूर की अपेक्षा खजूर पसंद है।---**की अपेक्षा**
2) पड़ोसी के घर के बाहर भीड़ लगी है।---**के घर के बाहर**
3) नदी के किनारे साधु की कुटिया थी। ---**के किनारे, की कुटिया**
4) गायों के संग कृष्ण वन में जाते थे। ---**के संग**
5) अन्याय के विरुद्ध जनता ने आंदोलन किया। ---**के विरुद्ध**
**II,रिक्त स्थानों में उचित संबंधबोधक भरिए** :
उदा : रस्सी के ऊपर कपड़े सूख रहे हैं।
1) पैसों **<u>के लिए</u>** भिखारी तरस रहा था।
2) कुएँ **<u>के अंदर</u>** मेंढ़क उछल रहा है।
3) मुकेश **<u>के लिए</u>** कोई चला आ रहा है।
4) चोर,पुलिस **<u>के हाथों</u>** पकड़ा गया।
5) पेड़ **<u>के नीचे</u>** फल पड़ा है।
**III, निम्नलिखित संबंधबोधक शब्दों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए** :
1) **की तरहा** - उसी की तरह है
2) **से दूर**. - उस से दूर गया
3) **के कारण**. - उस के कारण आया

**4) के समान. -** उस के समान नाचता है
**5) के साथ. -** उस के साथ नाचता है
**IV.इन वाक्यों को पढ़कर संबंधबोधक शब्दों को रेखांकित कर भेदों के नाम लिखिए :**
**1)** राधा अपने पिता के संग चल रही थी। **- के संग, संगवाचक**
**2)** चिड़िया पेड़ के ऊपर बैठी है।**- के ऊपर, स्थनवाचक**
**3)** अन्याय के विरुद्ध हमें लड़ना है।**- के विरुद्ध, विरोधवाचक**
**4)** मुझे माँ के खातिर खाना पड़ेश्रलगा।**- के खातिर, हेतुवाचक**
**5)** शिक्षा के माध्यम से हमें ज्ञान बाँटना है।**- के माध्यम, साधनवाचक**

---

# 9.नफ़े के चक्कर में

- **संकलित**

**I,एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**
1) किसको नारियल खाने का मन हुआ ?
उत्तर :- बाबु भाई को नारियल खाने का मन हुआ।
2) बाजार में लोग क्या कर रहे थे ?
उत्तर :- बाजार में लोग अपनें-अपनें कामों में लगे थे।
3) बाजार में नारियलवाले ने बाबू भाई को कहां जाने को कहा ?
उत्तर :- बाजार में नारियलवालेने बाबू भाई को मंडी जाने को कहा।
4) पचास पैसे में नारियल कहां मिलनेवाले थे ?
उत्तर :- पचास पैसे में नारियल बंदरगाह पर मिलनेवाले थे।
5) कितने पैसे बचाने की सोच में बाबू भाई में फूर्ती आ गयी ?
उत्तर :- पच्चीस पैसे बचाने की सोच में बाबू भाई में फूर्ती आ गयी।
6) बाबू भाई ने मुफ्त में नारियल किससे मांगा ?
उत्तर :- बाबू भाई ने मुफ्त में नारियल माली से मांगा।
7)घुडसवार ने कितने रुपे देने की बात कही ?
उत्तर :- घुडसवार ने सौ रूपये देने की बात कही।
8)ऊंट सवार ने कितने रूपए देने की बात कही ?
उत्तर :- ऊंट सवार ने दो सौ रूपए देने की बात कही।
**II,दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**
1) नारियल को झट से छीनकर बाबू भाई से नारियलवाले ने क्या कहा ?
उत्तर :- नारियल को झट से छीनकर बाबू भाई से नारियलवाले ने कहा "माफ करो, काका एक रूपया या फिर कुछ नहीं " लेकिन बाबु भाई का निराश चेहरा देखकर बोला, "बंदरगाह पर चले जाओ,हो सकता है वहाँ तुम्हें पचास पैसे में मिल जाए।" कहा।
2) बाबू भाई मन - हि - मन कया सोचने लगे ?

उत्तर :- बाबू भाई अपनी छडी से टेक लगाकर सोचने लगे, "आखिर पचास पैसे तो पूरे पचास पैसे हैं।वैसे भी मेरे टाँगों में अभी भी दम है।" कहकर सोचने लगे।

3) नाववाले से बाबू भाई ने नारियल को पच्चीस पैसे में देने के लिए किस तरह आग्रह किया ?

उत्तर :- जब नाववाले ने एक नारियल के केवल पचास पैसे कहा तब बाबू भाई हक्के -बक्के हो गेए। इतनी दूर से पैदल आया हूँ ।इतना थक गया हूँ और तुम कहते हो पचास पैसे ? मेरी मेहनत बेकार हो गई। ना भाई ना ! पचास पैसे बहुत ज्यादा हैं। मैं तुम्हें पच्चीस पैसे दूँगा। यह लो, रख लो।" इस तरहा बाबु भाई ने नाववाले से आग्रह किया।

4) बाबू भाई ने किन - किन - से मदद मांगी ?

उत्तर :- बाबू भाई ने पहले माली से और ऊँटसवारी से अंत में घुड़सवारी से मदद माँगी।

**III,जोड़कर लिखिए** :

| | |
|---|---|
| 1) बाबू भाई | नारियल |
| 2) माली | बगीचा |
| 3) हे भगवान | पच्चीस पैसे |
| 4) ऊंटवाला | दो सौ रुपए |
| 5) घुडसवार | सौ रुपए |

**IV,विलोम शब्द लिखिए** :

1) दिन × रात. 2) मीठा × खट्टा
3) छोटी × बड़ी 4) बहुत × कम ( थोड़ा )
5) सही × गलत. 6) अच्छा × बुरा
7) दुर × पास ( नजदीक) 8) जवाब × सवाल
9) सामने × पीछे 10) पसंद × नापसंद. 11) खरीदना × बेचना

**V,अन्य वचन रूप लिखिए :**

1) घर -घर. 2) जूता - जूते 3) रुपया - रूपये
4) पैसे - पैसे 5) आवाज - आवाजें 6) बात - बातें
7) पेड़ - पेड़ 8) नजर - नज़रें 9) घोडा - घोड़े

**VI, अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

1) भाई - बहन. 2) काका - काकी 3) माली - मालिन
4) घोडा - घोड़ी 5) ऊंट - ऊँटनी 6) आदमी - औरत. 7) बाप - माँ

**VII,पाठ में ' वाला ' परसर्ग का प्रयोग हुआ है। जैसे - नारियलवाला,नाववाला,उँटवाला आदि।**

**' वाला ' परसर्ग जोड़कर रिक्त स्थन भरिए :**

उदा : उँटवाला इधर ही आ रहा है। (उँट) - **( पुल्लिंग रूप**)

1)कामवाली आज काम पर नही आयी।(काम) **(स्त्रीलिंग रूप)**

2) आज गीत गानेवाल बहुत हो गये।( गाने) **(बहुवचन रूप)**
3) गहरी नींद सोनेवाले जल्दी जागते नहीं (सोने) **(बहुवचन रूप)**
4) पढ़ाई चाहनेवाला परिश्रम करता है।(चाहने) **(एकवचन रूप)**
5) संतुलित आहार खानेवाला स्वस्थ रहता है।(खाने) **(एकवचन रूप)**

**VIII,बाबू भाई के नारियल खरीदने का सौदा कितने रुपए से लेकर कहाँ तक आ पहुँचा?**

**निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार तातिका में लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) **पहली बारी** | **बाजार में** | **नारियलवाले से** | **दो रूपए** |
| 2) दूसरी बार. | मंडी में | नारियलवाले से | एक रूपए |
| 3) तीसरी बार. | बंदरगाह. | नाववाले से | पचास पैसे |
| 4) चौथी बार | बगीचे में | माली से | पच्चीस पैसे |
| 5) पाँचवीं बार. | पेड़ पर. | अपने आप से | मुफ्त में |

**IX.कन्नड़ में अनुवाद कीजिए. :**

1) घर में तो एक भी नारियल नहीं था।
**उत्तर** :- ಮನೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ತೆಂಗಿನ ಕಾಯಿ ಕೂಡ ಇರಲಿಲ್ಲ.
2) यहाँ से थोड़ी दूर जो मंडी है वहाँ शायद मिल जाए।
**उत्तर** :- ಇಲ್ಲಿಂದ ಸ್ವಲ್ಪ ದೂರದಲ್ಲಿ ಮಾರುಕಟ್ಟೆ ಇದೆ ಅಲ್ಲಿ ಬಹುಶಃ ಇರಬಹುದು.
3) इतनी दूर से पैदल आया हूँ।
**उत्तर** :- ಇಷ್ಟೊಂದು ದೂರದಿಂದ ನಡೆದು ಬಂದಿದ್ದೇನೆ.
4) बाबू भाई ने जल्दी-जल्दी पेड़ पर चड़ना शुरू किया।
**उत्तर** :- ಬಾಬು ಭಾಯಿಯು ಬೇಗ ಬೇಗನೆ ಗಿಡದ ಮೇಲೆ ಹತ್ತಲು ಶುರು ಮಾಡಿದ.
5) बाबू भाई ने नारियल को पकड़ लिया।
**उत्तर** :- ಬಾಬು ಭಾಯಿಯು ತೆಂಗಿನ ಕಾಯಿಯನ್ನು ಹಿಡಿದು ಕೊಂಡನು.

**X, पाठ में ' ना जी ना ' शब्द का प्रयोग हुआ है। यह नकारात्मक भाव को सूचित करता है। वैसे ही ' हाँ जी हाँ ' शब्द सकारात्मक भाव को सूचित करता है। निम्नलिखित तालिका में कुछ वाक्य दिए गये है,उनके सामने सोचकर इन शब्दों को लिखिए :**

| **क्र,सं** | **वाक्य.** | **आप क्या करते है।** |
|---|---|---|
| उदा: 1) | मैं पुस्तक पढ़ना चाहता हूँ। | हाँ जी हाँ |
| 2) | मैं दूसरों की निंदा करता हूँ। | ना जी ना |
| 3) | पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए । | हाँ जी हाँ |

| | | |
|---|---|---|
| 4) | पेड़ हमारे मित्र हैं | हाँ जी हाँ |
| 5) | परीक्षा में नकल करना है। | ना जी ना |
| 6) | माता-पिता की बात माननी है। | हाँ जी हाँ |
| 7) | गुरूजनों का आदार करना है। | हाँ जी हाँ |

**XI,अनुरूपता** :

1) दो-चार : शब्द युग्म : : अपने-अपने : द्विरुक्ति शब्द
2) काका : काकी : : चाचा : चाची
3) माफ़ : नुकता शब्द : मंड़ी : अनुस्वर शब्द
4) हे भगवान ! : विस्मयादिबोधक : : कौन ? : प्रश्नवाचक

## भाषा ज्ञान

**द्वित्व शब्द** : एक साथ युग्म रूप में प्रयुक्त शब्द द्वित्व शब्द कहलाते है।

**द्वित्व शब्द**

| पुनरुक्ति या द्विरुक्ति | शब्द-युग्म/जोड़कर शब्द |
|---|---|
| एक ही अर्थ देनेवाले एक जैसे शब्द. | विलोमार्थक,सार्थक-निर्थक, अन्यलिंग |
| अच्छे - अच्छे, दस - दस, धीरे-धीरे,कभी-कभी, रो-रो, खा-खा आदी। | आज-कल,सुबह-शाम, छोटा-बेचा आदि मार-पीट, झाड़-फँक,डाँट-डपट आदी, चाय-वाय,मेज़-वेज़, पैसा-वैसा आदी माँ-बाप, भाई-बहन,लड़का-लड़की, आदी। |

